# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:.........................**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS COMPILED BY MEDIA CELL (24.06.2025)

### HINDUSTAN, MUZAFFARPUR DATE:24.06.2025, PAGE-06

## रसियन कोर्स में नामांकन को आज से कर सकेंगे आवेदन

**मुजफ्फरपुर, प्रसं।** बीआरएबीयू में रसियन कोर्स में नामांकन को आवेदन के लिए 24 जून से पोर्टल खुलेगा। इसकी जानकारी विभाग के डॉ दिव्यम प्रकाश ने दी।

उन्होंने बताया कि आवेदन के लिए 10 जुलाई तक पोर्टल खुला रहेगा। विवि के रसियन विभाग में सर्टिफिकेट कोर्स और पीजी डिप्लोमा कोर्स चलते हैं। सर्टिफिकेट कोर्स में 12वीं पास और पीजी डिप्लोमा में स्नातक पास छात्र आवेदन कर सकेंगे।

**आज तक भर सकेंगे वोकेशनल के फार्म :** वोकेशनल परीक्षाओं के फार्म 24 जून तक छात्र 500 रुपये विलंब शुल्क के साथ भर सकेंगे। परीक्षा विभाग ने सोमवार को इसकी अधिसूचना जारी की। पहले वोकेशनल के लिए परीक्षा फार्म 21 जून तक ही भरे जाने थे, लेकिन छात्रों की मांग पर इसकी तारीख बढ़ाकर 24 जून कर दी गई है।

## सहायक प्राध्यापकों की काउंसिलिंग 30 और एक को

**मुजफ्फरपुर।** बीआरएबीयू में विवि सेवा आयोग से नियुक्त होम साइंस और अंग्रेजी के सहायक प्राध्यापकों की काउंसिलिंग 30 जून और एक जुलाई को होगी।

30 जून को अंग्रेजी के और एक जुलाई को होम साइंस की सहायक प्राध्यापकों की काउंसिलिंग होगी। बीआरएबीयू को अंग्रेजी में 38 और होम साइंस में 16 सहायक प्राध्यापक मिले हैं।

## 50 वर्षों बाद मिले तो यादें हो गईं ताजा

**एलुमिनी मीट**



विवि में सोमवार को आयोजित एलुमिनी मीट में मौजूद कुलपति, पूर्व शिक्षक व पूर्ववर्ती छात्र।

**मुजफ्फरपुर, प्रसं।** बीआरएबीयू के सीनेट हॉल में सोमवार को जूलॉजी विभाग के वर्ष 1975-77 बैच के छात्रों का एलुमिनी मीट हुआ। उद्घाटन कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय, प्रॉक्टर प्रो. विनय शंकर राय, पूर्व कुलपति प्रो. अमरेंद्र नारायण यादव, विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो. शिवानंद सिंह, अमेरिका से आये पूर्ववर्ती छात्र डॉ. चंद्रभूषण शर्मा आदि ने मिलकर किया। जेपी विवि के डॉ. ब्रजभूषण सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. इमेरिटस अखौरी वैशम्पायन मौजूद थे। मीट के दौरान 50 वर्षों बाद पुराने साथी मिले तो पुरानी यादें ताजा हो गईं।

कुलपति ने कहा कि ऐसे आयोजनों से विवि अपने पूर्ववर्ती छात्रों के निकट आता है। एलुमिनी एसोसिएशन के उपाध्यक्ष डॉ. संजय सिन्हा ने कहा कि विवि के पूर्ववर्ती छात्र अपने संस्थान को सहयोग करें। सचिव केके चौधरी ने पूर्ववर्ती छात्रों से अधिक से अधिक संख्या में सदस्यता ग्रहण कर संगठन को सुदृढ़ करने का आह्वान किया।

**Ref:....................** **Date:..........................**

DAINIK JAGRAN
MUZAFFARPUR
DATE:24.06.2025
PAGE-04

## विश्वविद्यालय को होम साइंस में 16 व अंग्रेजी में मिलेंगे 38 शिक्षक

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय को जुलाई तक दो विषयों में कुल 54 सहायक प्राध्यापक मिलेंगे। इसमें होम साइंस के 16 व अंग्रेजी के 38 शिक्षक शामिल हैं। शिक्षा विभाग ने बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग की ओर से अनुशंसित सूची के आधार पर विश्वविद्यालय को चयनित अभ्यर्थियों की सूची उपलब्ध कराई गई है। अब चयनित अभ्यर्थियों के लिए काउंसिलिंग की प्रक्रिया विश्वविद्यालय स्तर से होगी। इसके लिए तिथि की घोषणा कर दी गई है। 30 जून को अंग्रेजी व एक जुलाई को होम साइंस के चयनित अभ्यर्थियों के लिए काउंसिलिंग की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। बताया जा रहा कि मंगलवार को विश्वविद्यालय की ओर से इसकी अधिसूचना जारी हो सकती है। अभ्यर्थियों के लिए काउंसिलंग ओल्ड गेस्ट हाउस में होगी। इसमें चयनित अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र के साथ सभी संगत व आवश्यक कागजात लाने होंगे। बताते हैं कि चयनित अभ्यर्थी लंबे समय से काउंसिलिंग तिथि का इंतजार कर रहे हैं। कई कालेजों में अंग्रेजी व होम साइंस में नियमित शिक्षकों की कमी है।

DAINIK JAGRAN
MUZAFFARPUR
DATE:24.06.2025
PAGE-04

## सर्टिफिकेट इन रशियन और पीजी डिप्लोमा में नामांकन शुरू

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के रूसी भाषा विभाग की ओर से संचालित सर्टिफिकेट कोर्स इन रशियन और पीजी डिप्लोमा इन रशियन में नामांकन शुरू हो गया है। प्रवेश की अंतिम तिथि 10 जुलाई है। यह पाठ्यक्रम 12वीं उत्तीर्ण या स्नातक विद्यार्थियों के लिए है। इसमें रूसी भाषा की बुनियादी से मध्य स्तर तक की जानकारी दी जाएगी। विभाग के डा. दिव्य प्रकाश ने बताया रूसी दुनिया की प्रमुख भाषाओं में से एक है और यह संयुक्त राष्ट्र शंघाई सहयोग संगठन जैसी अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं की आधिकारिक भाषा भी है। इसमें रूस में उच्च शिक्षा (चिकित्सा, इंजीनियरिंग आदि), रक्षा या सरकारी क्षेत्रों में नौकरी, प्रमुख बहुराष्ट्रीय कंपनियों में करियर के कई विकल्प उपलब्ध होंगे। साथ ही रक्षा क्षेत्र से लेकर विदेश मंत्रालय, प्रधानमंत्री कार्यालय, पर्यटन, वस्त्र मंत्रालय, तकनीकी और व्यापार क्षेत्र में कई अवसर उपलब्ध होंगे।

**Ref:....................** **Date:..........................**


PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR
DATE:24.06.2025, PAGE-04


## नामांकन समिति की आज होगी बैठक

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू में मंगलवार को नामांकन समिति की बैठक होगी. इसमें स्नातक में सीटों पर निर्णय लिया जायेगा. कई कॉलेजों ने सीटों की संख्या बढ़ाने को लेकर आवेदन दिया है. उसपर भी विचार करेंगे. बैठक में कॉलेजो में एक समान फीस स्ट्रक्चर को प्रभावी करने पर भी चर्चा होगी. बैठक दोपहर 2.30 बजे से अतिथि गृह में होगी.


PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE:24.06.2025, PAGE-04


## एलुमनाई एसो. को प्रतिवर्ष 1.50 लाख रुपये तक की सहायता

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू के सीनेट सभागार में पीजी जूलॉजी विभाग की ओर से पूर्ववर्ती छात्र मिलन समारोह का आयोजन किया गया. इसमें सत्र 1975-77 के पूर्ववर्ती छात्र शामिल हुए.

अध्यक्षता कुलपति प्रो दिनेश चंद्र राय ने की. विशिष्ठ अतिथि के रूप में पूर्व कुलपति प्रो अमरेंद्र नारायण यादव, एलुमनी एसोसिएशन के उपाध्यक्ष डॉ संजय सिन्हा, सचिव सीए केके चौधरी, पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ कौशल किशोर चौधरी के साथ ही अन्य सदस्य मौजूद थे. जूलॉजी विभाग के पूर्ववर्ती छात्रों ने घोषणा किया कि विवि के एलुमनाई एसोसिएशन को प्रति वर्ष 1.50 लाख तक की सहयोग राशि दी जाएगी.



विश्वविद्यालय जूलॉजी डिपार्टमेंट के समारोह में मौजूद कुलपति, शिक्षक व पूर्व छात्र.

समारोह के दौरान अधिक से अधिक पूर्ववर्ती छात्रों से सदस्यता लेने की अपील की गयी. कार्यक्रम में पूर्ववर्ती छात्र व वर्तमान में अमेरिका के कोलमैन कॉलेज फॉर हेल्थ साइंसेज, ह्युस्टन के प्रोफेसर डॉ चंदेश्वर शर्मा ने मंच संचालन किया. पूर्ववर्ती छात्रों ने पुराने दिनों की यादें साझा की. प्रथम सत्र के समापन पर पूर्ववर्ती छात्र विजय कुमार राय ने धन्यवाद ज्ञापन किया. दूसरे सत्र में प्रो.चंदेश्वर शर्मा ने विभिन्न संकायों से जुड़े छात्रों को रिसर्च प्रोजेक्ट को विकसित करने के तरीके बताए. धन्यवाद ज्ञापन डॉ ब्रज किशोर प्रसाद सिंह ने किया.